**Total Pages : 12**

# K-322

## B.Com. (Part-III) Examination, 2021

## ( Old Course )

## ( Compulsory Paper )

## INCOME TAX

## [ Paper : First ]

***Time Allowed : Three Hours***

***Maximum Marks : 75***

***Minimum Passing Marks : 25***

**Note :** Attempt all the **five** questions. One question from each unit is **compulsory**. All questions carry equal marks.

**सभी पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक इकाई से **एक प्रश्न** करना **अनिवार्य** है। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

### UNIT-I/ इकाई-I

1. Define assessment year and previous year. 'Income of the previous year is chargeable to the immediately following assessment year.' Is there any exception to this rule?

कर निर्धारण वर्ष एवं गत वर्ष को परिभाषित कीजिए। 'गत वर्ष की आय अगले कर निर्धारण वर्ष में कर योग्य होती है।' क्या इस नियम के कोई अपवाद हैं?

**OR / अथवा**

Mr. Anurag Tiwari gives the following information :-

(i) Mr. Tiwari first time went to Japan on 10th January, 2010 and came back to India on 22nd June, 2010.

(ii) On 30th September, 2013 he went to England and came back to India after 90 days.

(iii) On 16th July, 2018, he had gone to Sri Lanka and came back to India after staying 100 days.

(iv) On 2nd December, 2018, he had gone to Nepal for 85 days.

(v) In previous year 2020-21, he was out of India for 180 days.

He submits the following detail of his incomes for the previous year :

(a) Taxable salary Rs. 80,000 received in Japan for the service given in India.

(b) Commission received in India for the services given in Sri Lanka Rs. 1,40,000.

(c) Income from House property situated in Nepal received in India Rs. 30,000.

(d) Dividend of an England based company received in India Rs. 75,000.

(e) Profit of the business situated in Japan was not brought in India Rs. 5,00,000.

Determine the residential status of Mr. Tiwari for the assessment year 2021-22 and explain that on which income he is liable to pay tax in India.

श्री अनुराग तिवारी ने निम्न जानकारियाँ दी :

(i) श्री तिवारी 10 जनवरी, 2010 को प्रथम बार जापान गये तथा वहाँ से 22 जून, 2010 को लौटे।

(ii) 30 सितम्बर, 2013 को वे इंग्लैण्ड गये तथा वहाँ से 90 दिन बाद भारत लौटे।

(iii) 16 जुलाई, 2018 को श्रीलंका गये तथा वहाँ 100 दिन रुककर भारत लौटे।

(iv) 2 दिसम्बर, 2018 को 85 दिनों के लिए नेपाल गये।

(v) गत वर्ष 2020-21 में वे 180 दिन भारत के बाहर रहे।

गत वर्ष में वे अपनी आय का निम्न ब्यौरा देते हैं :

(a) भारत में की गयी सेवाओं का जापान में प्राप्त कर योग्य वेतन 80,000 रु.

(b) श्रीलंका में की गयी सेवाओं का भारत में प्राप्त कमीशन 1,40,000 रु.

(c) नेपाल में स्थित मकान का भारत में प्राप्त किराया 30,000 रु.

(d) इंग्लैण्ड की एक कम्पनी से भारत में प्राप्त लाभांश 75,000 रु.

(e) जापान के व्यापार का लाभ भारत में नहीं लाया गया 5,00,000 रु.।

श्री तिवारी का कर निर्धारण वर्ष 2021-22 में निवास स्थान निर्धारित कीजिए तथा बताइये कि उन्हें कौन-सी आयों पर भारत में कर देना होगा।

**UNIT-II / इकाई-II**

2. Write notes on **any two** of the following :

निम्न में से **किन्हीं दो** पर टिप्पणियाँ लिखिए :

(a) Annual Rent

वार्षिक किराया

(b) Assessment of arrears of rent received

प्राप्त बकाया किराये पर कर देयता

(c) Realization of unrealized rent

न वसूल हुए किराये की रकम की वसूली

**OR / अथवा**

Mr. X who is a manager in a company at Bhopal (Population 20 Lac). He furnished the following particulars of his income for the previous year 2020-21 :

(i) Basic Salary Rs. 36,800 per month

(ii) Dearness Allowance 30% of basic salary

(iii) Bonus equal to one month's salary

(iv) Transport Allowances Rs. 1,800 per month for the purpose of commuting between residence to office. He used his personal car and spends Rs. 2,200 per month for this purpose.

(v) Rent free house owned by the company fair rent of which is Rs. 30,000 per annum.The house is furnished and cost of furniture is Rs. 15,800.

Compute his income from salary for the Assessment Year 2021-22. Professional tax deducted by employer Rs. 1,500.

मि. X भोपाल (जनसंख्या 20 लाख) की एक कम्पनी में प्रबन्धक हैं। गत वर्ष 2020-21 के लिए अपनी आय का निम्न विवरण प्रस्तुत किया है :

(i) मूल वेतन 36,800 रु. प्रतिमाह

(ii) महंगाई भत्ता वेतन का 30 प्रतिशत

(iii) बोनस एक माह के वेतन के बराबर

(iv) घर से कार्यालय आने जाने के लिए यातायात भत्ता 1,800 रु. प्रतिमाह, वह अपनी निजी कार से कार्यालय आते-जाते हैं एवं इस पर 2,200 रु. प्रतिमाह व्यय आता है।

(v) कम्पनी के स्वामित्व का किराया मुक्त मकान, इसका उचित किराया 30,000 रु. वार्षिक है। यह मकान सुसज्जित है, इसमें लगे फर्नीचर की लागत 15,800 रु. है।

कर निर्धारण वर्ष 2021-22 के लिए उसकी वेतन से आय की गणना कीजिए। नियोक्ता द्वारा 1,500 रु. व्यवसाय कर काटा गया है।

**UNIT-III/ इकाई-III**

3. Discuss the deduction expressly allowed in computing the income from business under the Income Tax Act,

1961. Are the interest and salary taken by the business owner allowed?

व्यापार से आय की गणना करने में आयकर अधिनियम, 1961 के अन्तर्गत स्पष्टतया स्वीकृत कटौतियों को समझाइये। क्या व्यापार स्वामी को दिया गया ब्याज एवं वेतन स्वीकृत है?

**OR / अथवा**

Shri Anand Kumar received the following incomes during the Previous Year 2020-21:

| | | |
|---|---|---|
| i. | Interest on fixed deposit with Punjab National Bank | 5,000 |
| ii. | Royalty on stone mine | 17,000 |
| iii. | Dividend on shares of Arvind Mills Ltd. | 4,000 |
| iv. | Prize of UP State Lottery (Gross) | 20,000 |
| v. | Horse Race income (Gross) | 10,000 |
| vi. | Agricultural income in Myanmar | 13,000 |
| vii. | Interest on Post-Office saving bank | 4,700 |
| viii. | Salary from a trader for part time service | 12,000 |

Considering the following points, find out his income from other sources for the Assessment year 2021-22 :

(a) Bank commission Rs. 50 for dividend collection.

(b) He has purchased lottery tickets Rs. 4,800 during the previous year.

(c) Rs. 1,000 spent to keep account and collection of royalty.

(d) Tax deducted at source @ 30% in respect of lottery prize.

श्री आनन्द कुमार को गत वर्ष 2020-21 में निम्न आय प्राप्त हुई :

| | | |
|---|---|---|
| i. | पंजाब नेशनल बैंक में स्थायी जमा पर ब्याज | 5,000 |
| ii. | पत्थर की खदान पर रॉयल्टी | 17,000 |
| iii. | अरविन्द मिल्स लि. के अंशों पर लाभांश | 4,000 |
| iv. | उत्तर प्रदेश राज्य लॉटरी का इनाम (सकल) | 20,000 |
| v. | घुड़दौड़ से आय (सकल) | 10,000 |
| vi. | म्यांमार में स्थित कृषि भूमि से आय | 13,000 |
| vii. | डाकघर बचत खाते पर ब्याज | 4,700 |
| viii. | एक व्यापारी के यहाँ अंशकालीन सेवा करने से प्राप्त वेतन | 12,000 |

निम्न बातों को ध्यान में रखते हुए उसकी कर निर्धारण वर्ष 2021-22 के लिए अन्य साधनों से आय की गणना कीजिए।

(a) उन्होंने अपने बैंक को लाभांश संग्रह के लिए 50 रु. कमीशन दिया।

(b) उन्होंने गत वर्ष में 4800 रु. के लॉटरी के टिकट खरीदे।

(c) रॉयल्टी के सम्बन्ध में लेखे रखने, रकम वसूलने आदि पर 1000 रु. व्यय हुए।

(d) लॉटरी के इनाम पर 30 प्रतिशत उद्‌गम स्थान पर कर की कटौती की गयी है।

## UNIT-IV / इकाई-IV

4. What is meant by Total Income? How would you determine the total income of an individual? Explain.

कुल आय से क्या आशय है? आप एक व्यक्ति की कुल आय की गणना कैसे करेंगे? स्पष्ट कीजिए।

### OR / अथवा

The Profit and Loss a/c of M/s Janta Trading Company for the ending on 31st March 2021 is :

| | | | |
|---|---|---|---|
| Stock | 30,000 | Sales | 2,50,000 |
| Purchases | 1,50,000 | Stock | 25,000 |
| Penalties and Fine | 59,000 | Rent from house property | 12,000 |
| Office Expense | 6,000 | | |
| Selling Expenses | 8,000 | | |
| Interest of Partner | 6,000 | | |
| Net Profit | 28,000 | | |
| | **28,7,000** | | **28,7,000** |

(i) Interest of Rs. 6,000 @ 8% has been paid to X on capital.

(ii) Penalties and fines have been levied because of illegal sales and purchases of Glass.

(iii) Remuneration payable to partners X Rs. 1,00,000 Y Rs. 50,000 has not been debited to P and L A/c.

(iv) X and Y are equal partners in the firm.

Compute tax liability by the firm and the total income of partners.

मेसर्स जनता ट्रेडिंग कम्पनी का 31 मार्च, 2021 को समाप्त होने वाले वर्ष का लाभ-हानि खाता निम्न है :

| | | | |
|---|---|---|---|
| रहतिया | 30,000 | विक्रय | 2,50,000 |
| क्रय | 1,50,000 | रहतिया | 25,000 |
| अर्थदण्ड एवं जुर्माना | 59,000 | मकान सम्पत्ति का किराया | 12,000 |
| कार्यालय व्यय | 6,000 | | |
| विक्रय व्यय | 8,000 | | |
| साझेदारों का ब्याज | 6,000 | | |
| शुद्ध लाभ | 28,000 | | |
| | **2,87,000** | | **2,87,000** |

(i) साझेदार X को पूँजी पर 8 प्रतिशत की दर से 6,000 रु. ब्याज दिया गया।

(ii) अर्थदण्ड एवं जुर्माना कांच का अवैधानिक क्रय-विक्रय करने के कारण लगाया गया।

(iii) साझेदारों का पारिश्रमिक X 1,00,000 रु.एवं Y 50,000 रु. लाभ-हानि खाते में डेबिट नहीं किया गया है।

(iv) X एवं Y फर्म में बराबर के साझेदार हैं।

फर्म के कर दायित्व एवं साझेदारों की कुल आय की गणना कीजिए।

## UNIT-V / इकाई-V

5. Write short notes on **any two** of the following :

निम्न में से **किन्हीं दो** पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए

(a) Pay as you earn scheme

जैसे कमाओ, वैसे चुकाओ योजना

(b) Self-Assessment

स्वयं कर निर्धारण

(c) Best Judgement Assessment

सर्वोत्तम निर्णय कर निर्धारण

**OR / अथवा**

Mr. Ankur estimate his income for the financial year 2021-22 as follows :

| | Rs. |
|---|---|
| Income from house property (Taxable) | 1,26,500 |
| Income from business (Taxable) | 4,82,500 |
| Interest on securities and other interest | 18,000 |
| Life Insurance Payable during the financial year | 21,660 |

Calculate advance tax and find out instalment for the financial year 2021-22.

मि. अंकुर को वित्तीय वर्ष 2021-22 में आय का अनुमान निम्न प्रकार है :

| | रुपये |
|---|---|
| मकान सम्पत्ति से आय (कर योग्य) | 1,26,500 |
| व्यापार से कर योग्य आय | 4,82,500 |
| प्रतिभूतियों से ब्याज एवं अन्य ब्याज | 18,000 |
| वित्तीय वर्ष में देय जीवन बीमा प्रीमियम | 21,660 |

वित्तीय वर्ष 2021-22 में अलग-अलग तिथियों पर उसके द्वारा जमा किए जाने वाले अग्रिम कर की राशि की गणना कीजिए।

----x----